भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.07.2025

## आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा काव्य पाठ प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य काव्य में रचनात्मक कौशल एवं अपनी रचनाओं को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने की कला को विकसित करना है। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी निबंध लेखन, हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी प्रारूप एवं टिप्पण लेखन आदि शामिल थे। इस प्रतियोगिता में में कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी तकनीशियन ने प्रथम, शिखा रावत मुख्य कार्यालय अधीक्षक ने द्वितीय तथा राहुल पाल वरिष्ठ लिपिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ में निधि शर्मा वरिष्ठ लिपिक ने प्रथम, सोनी कुमारी ने द्वितीय तथा अशोक कुमार गुप्ता एईडीपीएम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वाक् प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी तकनीशियन ने प्रथम, नीरज प्रकाश वरिष्ठ आशुलिपिक ने द्वितीय तथा आदित्य प्रकाश वरिष्ठ अनुभाग अभियंता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में सौरभ सचान टीसीएम ने प्रथम, हिमांशु द्विवेदी तकनीशियन ने द्वितीय तथा शिखा रावत मुख्य कार्यालय अधीक्षक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी ।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता नन्द किशोर वर्मा, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता राधे श्याम बीका, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन, जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव तथा कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

29/7/2025

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी